राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

# हवामहल

## (कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

**31 जुलाई 2021: शनिवार: वर्ष - 2: अंक – 13**

## आज की कविता

### ओ बादल फेरी वाले

ओ बादल फेरी वाले कविता को प्रभात और उनके साथी प्रस्तुत कर रहे हैं। इस कविता में बादलों को पुकारा जा रहा है कि उन्हें बरसना था लेकिन वे अभी तक नहीं आ पाये। इस कविता को सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3 – 8 वर्ष के बच्चों के लिए I बंजारा नमक लाया



## आज की कहानी

### मीता और उसके जादुई जूते

यह कहानी है एक छोटी लड़की मीता की। वह हमेशा उड़ने के सपने देखती है। एक बार उसे पंखों वाले जूते मिल जाते हैं। तब वो पंछियों की तरह आसमान में उड़ने लगती है। आगे क्या हुआ? इस प्यारी सी कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

8 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | नेशनल बुक ट्रस्ट




## आज की किताब

### दूध जलेबी जग्गगा

दूध जलेबी जग्गगा विशेष रूप से शुरुआती पाठकों के लिए प्रसिद्ध कवियों द्वारा लिखे गए एवं ध्यान से चुने गए दोहों का संग्रह है। खुद पढ़ें और दूसरों को भी पढ़ाये। इस किताब को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6 - 14 वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य



## आज की गतिविधि

### माचिस की ट्रेन

एक पुरानी माचिस और कुछ धागा का उपयोग करके एक अद्भुत चलती ट्रेन बनाएं। दोनों हाथों में बंधे धागे का लूप रेलवे लाइन जैसा दिखता है। माचिस एक तरफ घुमाने पर एक दिशा में आगे बढ़ जाती है। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6 - 14 वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



## टीचर्स कॉर्नर

### विज्ञान शिक्षण: करके सीखना

यह लेख स्कूल में विज्ञान शिक्षिका और बच्चों के साथ बालशोध पर काम करने के दौरान हुए अनुभवों को रखने के साथ-साथ बेहतर तरीके से विज्ञान समझने के लिए स्कूल में बच्चों को विभिन्न अवसरों के मिलने की पैरवी करता है। साथ ही विज्ञान शिक्षण के तहत बच्चों में बेहतर समझ बनाने के लिए करके सीखने पर ज़ोर देता है। आलेख पढ़ें।

शिक्षकों के लिए | पाठशाला पत्रिका



#घर में रहें

#आनन्द से पढ़ें







ऑडियो कहानी सुनने के लिए स्टोरी बॉक्स पर क्लिक करें।
(6-12 वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा?
अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

एक भारत श्रेष्ठ भारत (प्राथमिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण) – हिन्दी: असमिया